Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to re-categorise certain Panchayats under Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand as Gram Panchayats-laid.

श्री बिद्‌युत बरन महतो (जमशेदपुर): जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र का घाटशिला विधानसभा क्षेत्र ST सीट है । घाटशिला एवं मुसाबनी प्रखण्ड में घाटशिला के 8 पंचायत काशिदा, घाटशिला, पावड़ा, धर्मबहाल, गोपालपुर, मउभण्डार उत्तरी, मउभण्डार पूर्वी, मउभण्डार पश्चिमी, एवं मुसाबनी प्रखण्ड के 8 पंचायत उत्तरी ईचड़ा, दक्षिणी ईचडा, मुसाबनी पूर्वी, मुसाबनी पश्चिमी, उत्तरी बादिया, दक्षिणी बादिया, पूर्वी बादिया, पश्चिमी बादिया उक्त सभी पंचायतों में SC, ST, एवं अति पिछडा, गरीब आदिवासी बाहुल्य लोग रहते है एवं उक्त क्षेत्र उग्रवाद प्रभावित भी है । वर्ष 2011 की जनगणना में त्रुटिवश इन पचायतों को शहरी कोड़ में डाल दिया गया है जबकि उसके आसपास में नगर निगम या अधिसूचित क्षेत्र नहीं है फिर भी किन कारणों से इतनी बड़ी आबादी को सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित रखा गया है । वहां की जनता की वर्षों से मांग रही है कि उन्हें पूर्व की भांति ग्राम पंचायतों में ही रहने दिया जाय ।

अतः माननीय गृह मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि उक्त सभी पंचायतों को शहरी कोड से हटाकर ग्राम पंचायत में ही रहने दिया जाय जिससे गाँवों में चल रही प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना सहित अन्य केन्द्रीय योजनाओं का लाभ उन्हें मिल सके ।